हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

महाभंडारे के बाद झांझ मंजीरे की थाप के साथ ज्वारा विसर्जन
4



## खबर संक्षेप

### बिजली बिल में वृद्धि के विरोध में कांग्रेसी आज करेंगे विद्युत कार्यालय का घेराव

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश के भाजपा सरकार द्वारा पूर्व सरकार द्वारा लागू किए गए हाफ बिजली बिल योजना बंद करने एवं बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि करने के विरोध में तथा बिजली बिल में कमी करने एवं पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के बिजली बिल हाफ योजना को पुनः प्रारंभ करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिला कांग्रेस द्वारा जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप, कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार, एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के नेतृत्व में शुक्रवार 3 अक्टूबर को दोपहर एक बजे से जांजगीर भाठापारा स्थित हॉकी ग्राउंड में एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए बिजली कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौपा जाएगा। जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार ने समस्त कांग्रेसजनों, नागरीको, नगरीय निकाय, त्रिस्तरीय पंचायती राज के जन प्रतिनिधियों समस्त पदाधिकारियों को उपस्थित होने की अपील किया है।

### नैला में नवधा रामायण का आयोजन 5 से

**जांजगीर-चांपा।** श्री शिव शक्ति धर्म सेवा समिति नैला द्वारा 5 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक नवधा रामायण का आयोजन किया जाएगा। श्री शिव शक्ति धर्म सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम मंदिर रेलवे स्टेशन नैला के सामने नवधा रामायण का आयोजन किया जाएगा। ऐसे धार्मिक आयोजन से हमारी युवा पीढ़ी सीख लेती है तथा उनमें नैतिक मूल्यों का विकास होता है। सामाजिक सद्भावना बनाये रखने के लिए एवं युवा पीढ़ी को चारित्रिक पतन से बचाने के लिए ऐसे धार्मिक आयोजन अत्यावश्यक हैं। राम चरित मानस मनुष्य को जीवन जीने की कला सीखाती है। उन्होंने कहा कि राम चरित मानस में युवा पीढ़ी के लिए जीवन मूल्यों, त्याग, मर्यादा और संघर्ष में धैर्य रखने की सीख है, जो आज भी प्रासंगिक है। यह ग्रंथ भगवान श्री राम के चरित्र के माध्यम से परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का आदर्श प्रस्तुत करता है। प्रथम पुरूस्कार प्राप्त करने वाले 3 मंडलियों को 7001 रू., द्वितीय पुरूस्कार के रूप में 5001 रू. 03 मंडलियों को , तृतीय पुरूस्कार के रूप में 3001 रू. 03 मंडलियों को तथा सांत्वना पुरूस्कार के रूप में 1100 रू. प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर को प्रसिद्ध गायक नीलम जैन की प्रस्तुति होगी जो कि हू-ब-हू बॉलीवुड गायक रविन्द्र जैन की आवाज में गाते हैं। श्री कश्यप ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर नवधा रामायण का श्रवण कर पुण्य के भागी बनें।

### घिवरा में रावण दहन एवं लोक कला मंच का कार्यक्रम कल

**बिर्रा ।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा में रावण दहन दशहरा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 4 अक्टूबर शनिवार को रखा गया है। रात्रि में दर्शकों और ग्राम वासियों के मनोरंजन के लिए तुलसी के चौरा लोक कला मंच कोरबा के कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन को लेकर दशहरा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### बीरभांठा में विराट दशहरा महोत्सव 5 को

**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत वीरभाठा में 5 अक्टूबर को विराट दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच बुद्धेश्वर नाविक द्वारा किया जाएगा वही रावण दहन का कार्यक्रम रात्रि 8ः बजे होगा। इसके बाद 9 बजे नगीना म्यूजिकल लोक कला मंच द्वारा मनोरंजन कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा।

जिला मुख्यालय के हाईस्कूल मैदान में 35 फीट ऊंचे रावण पुतले का हुआ दहन

# असत्य पर सत्य की जीत के पर्व पर दशानन का हुआ दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा अंचल में गुरुवार 2 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय के हाईस्कूल मैदान में 35 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन हुआ।

जिला मुख्यालय सहित जगह-जगह दशानन के पुतलों का दहन कर हर्षोल्लास के साथ दशहरा मनाया गया। नगर के हाईस्कूल मैदान में नगर पालिका परिषद द्वारा दशहरा पर्व के लिए रावण का 35 फीट का पुतला बनाया गया एवं राम-लक्ष्मण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगरवासी शाम 6 बजे से ही परिवार सहित हाईस्कूल मैदान पहुंचने लगे थे। इसके पश्चात रावण दहन रात्रि 9 बजे किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और आतिशबाजी भी हुई। हाईस्कूल मैदान में आसपास के गांवों के लोग भी दशहरा देखने पहुंचे। मैदान के बाहर छोटे-छोटे व्यापारियों की दुकानें सजी थी, जिसमें बच्चों के खिलौने, गुब्बारे तथा गुपचुप एवं चाट की खूब बिक्री हुई। साथ ही गली मुहल्लों में भी बच्चों ने छोटे-बड़े रावण बनाकर रावण दहन किया। इस वर्ष दशहरा के लिए दुकानों में भी रावण का पुतला बिकता रहा। इधर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।



जिला मुख्यालय के हाईस्कूल मैदान में जलता रावण का पुतला।

## बाजे-गाजे के साथ हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन



शारदीय नवरात्रि का पर्व शहर सहित जिले में धूमधाम से मनाया गया। नौ दिनों तक भक्तिभाव से आदिशक्ति मां भवानी की पूजा-पाठ करने के बाद बुधवार 1 अक्टूबर से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुरु हुआ। इस दौरान बैंड-बाजे एवं कर्मा की धुन में युवा एवं महिलाएं खूब थिरके। इसके पूर्व अष्ठमी व नवमीं के दिन हवन पूजन, कन्या भोज का आयोजन किया गया। विजर्सन को लेकर होने वाली भीड़-भाड़ को देखते हुए प्रशासनिक व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रही। अष्टमी के दिन सभी दुर्गा पंडालों पर हवनादि का कार्य हुआ, वहीं नवमीं को कन्या भोज का आयोजन कराया गया। इसके बाद बुधवार 1 अक्टूबर से दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरु हुआ जो देर रात तक जारी रहा। कई दुर्गा समितियों द्वारा गुरुवार को भी दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित की गई। विसर्जन कार्यक्रम में सभी समितियों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विसर्जन के लिए महिलाओं व बच्चों में भी खासा उत्साह देखा गया।



चल रहा कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य।

# कलेक्ट्रेट के ऊपर कंपोजिट बिल्डिंग निर्माण कार्य में लापरवाही, लोक निर्माण विभाग सवालों के घेरे में

## चार करोड़ 10 लाख की लागत से हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट भवन पर करीब चार करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन इस करोड़ों के प्रोजेक्ट में गुणवत्ता से खुलेआम समझौता किया जा रहा है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि निर्माण कार्य के चलते कलेक्ट्रेट भवन में लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। इसके अलावा कालम भी आरे तिरछे खड़े किए जा रहे है।

इस संबंध में अधिकारियों को नोटिस जारी होने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। इससे साफ जाहिर होता है कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा भारी लापरवाही और मनमानी की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि निर्माण स्थल पर विभागीय अधिकारियों का नियमित निरीक्षण तक नहीं हो रहा।

कागज़ों पर गुणवत्ता की रिपोर्ट तैयार जरूर की जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। करोड़ों की लागत से हो रहे इस काम में यदि जिम्मेदार ही आंख मूंदे बैठे हैं, तो बाकी जगह चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों ने सवाल उठाया है कि जब कलेक्ट्रेट जैसा महत्वपूर्ण प्रशासनिक केंद्र लापरवाही का शिकार है, तो अन्य सरकारी भवनों और ग्रामीण इलाकों में गुणवत्ता कैसी होगी? जनता का कहना है कि यह मामला केवल लापरवाही नहीं बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग और संभावित भ्रष्टाचार का उदाहरण है। लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस कार्य की स्वतंत्र जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। फिलहाल, विभागीय चुप्पी ने सवालों को और गहरा दिया है।

### जारी किए हैं नोटिस

निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग और छत से हो रहे रिसाव के संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है। जवाब मांगे हैं। गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

-ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर,
अपर कलेक्टर जांजगीर चंपा



विधि विधान से पूजा अर्चना करते पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय एवं अन्य।

# विजयादशमी पर शस्त्र पूजन कर एसपी ने की हर्ष फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व विजयादशमी के अवसर पर जांजगीर के पुलिस लाइन मे शस्त्र पूजन किया गया। एसपी विजय पांडे ने विधि विधान से शस्त्र पूजन कर हर्ष फायरिंग की। विजयादशमी पर शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है।

हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार इस दिन जो भी काम किया जाता है, उसमें विजय मिलती है। पुलिस का काम लोगों की रक्षा करना है, जिसमें शस्त्र का भी अहम स्थान है। यही वजह है कि हर साल विजया दशमी पर शास्त्रागार से शस्त्र निकाल कर साफ सफाई और पूजा की जाती है। गुरुवार 2 अक्टूबर को पुलिस लाइन में एस पी विजय कुमार पाण्डेय ने परम्परानुसार शस्त्र पूजा की। शस्त्र पूजन के बाद अलग अलग शस्त्रों का परीक्षण किया गया और फायरिंग भी की गई। एसपी विजय पाण्डेय के साथ एडिशनल एसपी उमेश कश्यप और पुलिस अधिकारियों ने भी फायरिंग की।इसके आलावा जिले के सभी थाना व चौकियों में भी शास्त्रों का विधि विधान से थाना प्रभारियों द्वारा पूजा की गई। शस्त्र पूजा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार, एसडीओपी चांपा यदुमनी सिदार, एसडीओपी अकलतरा प्रदीप सोरी, सीएसपी जांजगीर सुश्री योगिताबाली खापर्डे, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, जांजगीर थाना प्रभारी मणिकांत पाण्डेय सहित पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

## बिजली की आवाजाही से ग्रामीण परेशान

**जांजगीर-चांपा।** ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अघोषित कटौती व आंख मिचौली से ग्रामीण खासे परेशान हैं। विद्युत कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है, बिजली कब आती है और कब चली जाए इसका कोई भरोसा नहीं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों तकनीकी खामी बताकर घंटों बिजली काटा जा रहा है जो लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। स्थिति यह है कि रात हो या दिन कई बार बिजली की आवाजाही बनी रहती है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर बिजली से चलने वाले फोटोकॉपी मशीन, विद्युत पंखा, पानी पंप , टेलीविजन मनोरंजन के साधन और इलेक्ट्रानिक मशीनों के नहीं चलने से विद्युत उपभोक्ताओं और दुकानों में पहुंचे ग्राहकों को बेवजह परेशानी हो रही है।

# अंतिम समय में धान की फसल पर बीमारियों का कहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धान की फसल में अब बालियां आ रही है। कुछ समय बाद ही फसल पूरी तरह से तैयार हो जाएगी। ऐसे समय में कीट पतंगों का प्रकोप बढ़ जाता है। धान की फसल में पेनिकल माइट, भूरामाहो, तनाछेदक, का प्रकोप बढ़ने लगा है। कृषि विभाग के फील्ड अफसर समस्या से बेखबर हैं। निदान के लिए दवाओं के बारे में किसानों को जानकारी नहीं मिल रही है। बढ़ती बीमारी ने उनकी चिंता बढ़ा दी है।

■ **फसल बचाने कीट नाशक के छिड़काव में किसान व्यस्त**

धान की फसल में बीमारी फैल रही है। भूरामाहो, तनाछेदक जैसे बीमारियों का विस्तार होने लगा है।



धान की फसल पर दवा का छिड़काव करते किसान।

दिन-ब-दिन विस्तार ले रही बीमारी के निदान के बारे में किसानों को जानकारी नहीं मिल रही है। अधिकांश जगहों पर फसल में बालियां आ गई है। ऐसे समय में फसल पर बीमारी ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। माहो एक खेत से दूसरे खेत में फैल रही है। किसान 3 से 4 बार तक कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर रहे हैं जो काम नहीं आ रहे हैं। कई किसान तो धान के फसल से लाभ के उम्मीद को छोड़ फसल के लागत वापस पाने की उम्मीद कर रहे हैं। बीमारी के बारे में जानकारी नहीं होने पर विक्रेता किसानों को कोई भी दवा थमा देते हैं। उसके छिड़काव से रोग का निदान तो नहीं होता, बल्कि आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। उपचार के नाम पर लागत में बढ़ोतरी हो रही है। फसलों को रोग से बचाने के लिए कतार बोनी काफी हद तक कारगर होता है। कृषि विभाग की ओर प्रचार-प्रसार करने की बजाय औपचारिकता का ही निर्वहन किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि दवाओं के बारे में समुचित जानकारी नहीं होने से बाजार से खरीदकर दवा का छिड़काव कर रहे है, लेकिन बीमारी कम नहीं हो रही है। किसान दवा विक्रेताओं की सलाह पर फसल में दवा का छिड़काव कर रहे है। इन दिनों किसान अपने खेतों में बीमारियों से बचाव के लिए दवा का छिड़काव करते नजर आ रहे है।

# सड़कों पर मवेशियों का डेरा, हर पल बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

**जांजगीर-चांपा।** सड़क पर बैठे मवेशी हर पल दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे है। कई बार वाहन की गति तेज होने के कारण चालक दुर्घटना के शिकार हो जाते है। वहीं बड़ी वाहनों की चपेट में आने से मवेशियों की मौत हो जाती है। इस समस्या का मुख्य कारण मवेशी पालक अपने पशुओं को बांधकर नहीं रखते और वे मुख्य सड़कों पर जमा हो जाते हैं। जांजगीर के कचहरी चौक, नैला मार्ग, केरा मार्ग, लिंक रोड सहित अन्य सड़कों में दिन भर मवेशी घूमते व बैठे रहते हैं। दिन को वाहन चालक इनसे बचकर जैसे तैसे निकल जाते हैं, जबकि रात में वाहन चालकों की परेशानी बढ़ जाती है। इसे अलावा खोखसा फाटक के आगे कुलीपोटा, दर्राभांठा, लछनपुर चौक, कोरवापारा, बरपाली आदि जगहों में मवेशी झुंड में खड़े व बैठे रहते हैं। कई बार वाहन चालक वाहन की तेज गति में होने के दौरान अचानक सामने मवेशियों का झुंड देखकर चालक हड़बड़ा जाता है और ऐसी स्थिति में वाहन को नियंत्रित करना कठिन हो जाता है। इसके चलते दुर्घटना की स्थिति निर्मित हो जाती है। इधर जिला प्रशासन ने इस समस्या को हल करने के लिए मवेशियों को हटाने के प्रयास किए हैं, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं मिला है। नगरवासियों ने प्रशासन से इस दिशा में ठोस पहल करने की मांग की है।

## कार्रवाई नहीं हो पाने के चलते हौसले हो रहे बुलंद

# व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलेंडरो का धड़ल्ले से हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के होटल ढाबो एवं मिष्ठान भंडारो में व्यापारी कमर्शियल की जगह घरेलु सिलेंडरो का उपयोग करके शासन को हर साल करोड़ो रूपए का चुना लगा रहे है।

होटल , ढाबा, मिष्ठान भंडार सहित अन्य संस्थानों में नियमों के तहत कर्मशियल गैस सिलेंडर का उपयोग सामान बनाने में किया जाना रहता है, लेकिन जांजगीर-चाम्पा जिले के पांच विकासखंड अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में इसका उल्लंघन हो रहा है। कामर्शियल सिलेंडर की कीमत भी घरेलु सिलेंडर से काफी अधिक होती है, लेकिन होटल के संचालको के द्वारा नियमों को ताक में रखकर कमर्शियल के बजाय घरेलु सिलेंडरो का उपयोग दुकान संचालन में कर दे रहे है। जिसके चलते शासन को हर साल करोड़ों रूपए का नुकसान भी उठाना पड़ता है। कुछ सालों पूर्व खाद्य विभाग की टीम के द्वारा जिला मुख्यालय जांजगीर के केरा चौक, नेता जी चौक, नैला रोड सहित अन्य जगहों के संस्थानों पर कार्यवाही करके सिलेंडरो को जब्त करने की कार्यवाही की गई थी। इसी प्रकार चाम्पा शहर के बरपाली चौक, लायंस चौक सहीत अन्य जगहो के होटल ,मिष्ठान भंडारो में दबिश देकर बडी मात्रा में घरेलु सिलेंडरो को जब्त किया गया था। वहीं अब इस तरह की कार्यवाही नजर नही आ रही है, जिसके चलते दुकान संचालको के हौसले भी लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। जांजगीर जिले के नगर पंचायत शिवरीनारायण, बलौदा, पामगढ, नवागढ बिर्रा सहित अन्य जगह प्रमुख व्यवसायिक संस्थान है, जहां बडी संख्या में मिष्ठान भंडार, होटल सहित अन्य संस्थानों का संचालन तो किया जा रहा है, लेकिन इन जगहों पर दुकान संचालक नियमों को ताकपर रखकर घरेलु सिलेंडरो का उपयोग कमर्शियल के रूप मे करके शासन को चुना लगा रहे है।



होटल में खप रहा घरेलु गैस सिलेंडर।



## खबर संक्षेप



### सेंट्रल वर्कशॉप और सेंट्रल स्टोर्स में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन

**कोरबा।** सेंट्रल वर्कशॉप और सेंट्रल स्टोर्स एसईसीएल कोरबा के तत्वाधान राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह एवं स्वच्छता ही सेवा कैम्पेन 5.0 का संयुक्त आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी सफाईकर्मियों को उनकी सेवाओं के लिए पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात राजभाषा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाली सभी प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त प्रतिभागी श्रमिकों को प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राजभाषा के रूप में हिंदी भाषा के प्रयोग तथा प्रचार प्रसार पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में महाप्रबंधक, सेन्ट्रल वर्कशॉप कोरबा कामेश्वर कुमार राव ने अपने आशीर्वचनों से सभा को अनुग्रहित किया। कार्यक्रम के अंत में बलराम टंडन, स्टाफ अधिकारी ( मानव संसाधन ) सेन्ट्रल वर्कशॉप-सेन्ट्रल स्टोर्स कोरबा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। उद्‌घाटन समारोह का सफल संचालन शिवानंद, सहायक ( राजभाषा ) सेन्ट्रल वर्कशॉप द्वारा किया गया।

### भाजपा सरकार में गायों की तस्करी हुई शुरूः यादव



**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा सरकार के राज में गायों की तस्करी शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दो साल में गांव एवं शहरों से 40 फीसदी गाय घट गई हैं। लगभग 5 लाख से अधिक गौ वंश राज्य से गायब हो गए हैं। प्रदेश भर से ये 5 लाख गायें कहां गायब हो गईं इसका कोई जवाब नहीं है। ग्रामीण कांगेस अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि खुद को गौ रक्षक बताने वाली भाजपा के राज में यह महा पाप हो रहा है। गायों की तस्करी हो रही, गाय स्लाटर हाऊस भेजी जा रही हैं।

### धनेली में पोषण माह के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम



**कोरबा।** ग्राम पंचायत धनेली-2 में पोषण माह के उपलक्ष्य में केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य और पोषण को प्रोत्साहित करना तथा उनमें जागरूकता लाना रहा। इस अवसर पर 17 गर्भवती माताओं को चुकंदर, गाजर, खीरा, चना, सोयाबीन, लौकी,केले एवं संतरे जैसी विभिन्न पौष्टिक सामग्रियाँ वितरित की गईं। साथ ही ग्राम धनेली की मितानिन बहनों ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता कर महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू ने कहा कि हर परिवार में स्वास्थ्य और पोषण की समझ बढ़ाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

### सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मियों को दी गई विदाई

**कोरबा।** एसईसीएल से सेवानिवृत्त होने वाले 8 कर्मियों को सीएमडी कक्ष में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक पर्यावरण वन विभाग बीके जेना एवं विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रम संघ प्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी की उपस्थिति में 29 सितंबर को शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर विदाई दी गयी। सेवानिवृत्त होने वालों में समित मुखर्जी, महाप्रबंधक, ईएंडटी प्रभाकर सहाय मुख्य प्रबंधक उत्खनन, उत्खनन विभाग श्रीमती रीता त्रिवेदी, केप्रसाद राव, टीएन राव, सुभाष कुमार त्रिपाठी, संजय कुमार प्रसाद, हीराप्रसाद पटेल सहित प्रशासन विभाग शामिल रहे। प्रबंधन ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता और समर्पण से एसईसीएल को सफलता की नई ऊँचाइयों तक लेकर गए हैं।

जाँजगीर मार्केट
फ्री फ्री फ्री 66% छूट
COBB ITALY flying colors of fashion
कॉब रेडिमेड कपड़ा शो-रूम
1 कपड़ा खरीदने पर 2 कपड़ा फ्री
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

## लगभग 8 किमी लंबी सड़क में अहिरन नदी पर बनेगा पुल

# 83 करोड़ की लागत से तैयार होगी बरमपुर-दर्री बैराज टू-लेन सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बरमपुर से दर्री बराज तक टू-लेन सड़क के लिए राज्य शासन से मंजूरी मिल गई है। अब निविदा प्रक्रिया शुरू होगी। सड़क निर्माण के साथ अहिरन नदी पर पुल भी बनाया जाएगा। एसईसीएल ने तीन साल पहले ही लगभग 83 करोड़ रुपए की राशि सीएसआर मद से स्वीकृत की थी। लगभग दो साल में सड़क और पुल दोनों का निर्माण हो सकेगा।

**खास बात**
- एक साल से मंजूरी के लिए लटकी थी योजना

शहर में यातायात का दबाव कम करने बरमपुर-दर्री 8.20 किमी लंबी सड़क की योजना बनाई गई थी। किंतु तकनीकी कारणों से यह योजना लटकती जा रही थी। एसईसीएल ने सीएसआर मद से 83 करोड़ की मंजूरी 5 जनवरी 2023 को दी थी। पहले चरण में 20 प्रतिशत 16.60 करोड़ रुपए जारी कर चुकी है। इसके बाद से सड़क बनाने का कार्य चल रहा है। सड़क का निर्माण बांयीं तट नहर के किनारे होना है। राज्य शासन ने अब सड़क बनाने में आ रही 90 प्रतिशत बाधा को दूर करने के बाद निविदा करने का निर्देश दिया है। इसी वजह से पीडब्ल्यूडी ने सर्वे रिपोर्ट तैयार कर मंजूरी के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा था। एक साल से मंजूरी लटकी हुई थी। राज्य शासन ने सड़क के साथ ही पुल बनाने आदेश जारी कर दिया है। इसके लिए अतिक्रमण हटाना होगा। सिंचाई विभाग की जमीन पर 127 लोगों ने बेजा कब्जा कर मकान बनाए हैं। इसके लिए मुआवजा का भी प्रावधान है। बिजली विभाग और नगर निगम को खंभे व पाइप लाइन शिफ्टिंग के लिए रकम दी जा चुकी है।



फाइल फोटो

**पश्चिम क्षेत्र से आने वाले वाहनों को बालको जाने की मिलेगी सुविधा**

इस सड़क के बनने से पश्चिम क्षेत्र से आने वाले भारी वाहन बालको की ओर सीधे जा सकेंगे। अभी राताखार से होकर गेरवा घाट पुल होते हुए आवाजाही करते हैं। सड़क निर्माण से प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए पहले से ही 2 करोड़ 9 लाख रुपए की राशि तय की गई है। पीडब्ल्यूडी के सर्वे में 124 मकान और दुकान दायरे में आ रहे थे। यह सर्वे करीब एक साल पुराना है और लोगों को स्ट्रक्चर का ही मुआवजा मिलेगा।

**17 करोड़ की लागत से बनेगा 25 मीटर पुल**

इस मार्ग पर अहिरन नदी गुजरी है। सिंचाई विभाग ने यहां पुल बनाया है, लेकिन यह भारी वाहनों के लिए नहीं है। इसी वजह से 17 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुल बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 25 मीटर होगी। निर्माण एजेंसी सेतु निगम है। सड़क के साथ पुल की भी मंजूरी मिल गई है। सेतु निगम निविदा जारी करने की तैयारी में है।

## हैवी ब्लॉस्टिंग कर प्रभावितों से बदला ले रहा दीपका प्रबंधन



हैवी ब्लास्टिंग से इस तरह उठ रहा धुएं का गुबार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

दीपका कोयला खदान में बुधवार दोपहर 2.15 से 3 बजे तक अलग-अलग लगातार 6 बार हुई हैवी ब्लास्टिंग से धरती कांप उठी। खदान में हुए ब्लॉस्टिंग के कारण तीव्र कंपन से हरदीबाजार क्षेत्र दहल उठा। साथ ही कोयला फेस में हुई ब्लास्टिंग से पूरे हरदीबाजार में काला बादल सा छा गया। कुछ देर के लिए बारुद व कोल डस्ट से घना आबादी क्षेत्र पट सा गया और बारुद की दुर्गंध से लोग परेशान रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि दीपका प्रबंधन की इस तरह की मनमानी, जबरदस्ती अब बर्दाश्त से बाहर हो रहीं हैं। अभी नवरात्रि, दशहरा त्योहारी सीजन में भी उसे जनभावनाओं का जरा भी ख्याल नहीं है। जिला प्रशासन को एसईसीएल दीपका प्रबंधन पर नकेल कसने की जरुरत है। अन्यथा ऐसी स्थिति में समस्त ग्रामवासी एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा कर खदान बंदी को मजबूर होंगे। सरपंच लोकेश्वर कंवर ने इस संबंध में दीपका प्रबंधन से कहा है कि वृहद घना आबादी वाला गांव कस्बा है, जहां दो से तीन मंजिला इमारत है। साथ ही 40-50 साल पुराने मकान हैं कोई भी अप्रिय घटना घटती है उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन की होगी। वहीं विधायक प्रतिनिधि नरेश टंडन ने बताया दीपका प्रबंधन की जबरदस्ती, मनमानी अब बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है। गांव में प्रबंधन के प्रति गहरा रोष है, जनभावनाओं व घना आबादी क्षेत्र को ध्यान में रख कर न्यूनतम ब्लास्टिंग करें। ऐसे में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटती है, उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल दीपका प्रबंधन की होगी।

# ठेका श्रमिकों ने बोनस को लेकर खोला मोर्चा, बोनस भुगतान पर बनी सहमति



बैठक में उपस्थित अधिकारी व ठेका श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में कार्यरत वाहन चालकों, हेल्परों व सुपरवाईजरों ने बोनस की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। ठेका श्रमिकों ने अपने वाहनों को खड़ा कर काम का बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना प्रदर्शन को देखते हुए कुसमुंडा प्रबंधन ने ठेका श्रमिकों को वार्ता के लिए बुलाया। वार्ता में चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि सभी ठेका श्रमिकों का बोनस और वेतन भुगतान उनके खाते में 8 अक्टूबर और 15 अक्टूबर तक जमा कर दिया जाएगा। प्रबंधन इस संबंध में जल्द ही ऑफिस ऑर्डर जारी करेगा और सूचना पोर्टल पर भी प्रदर्शित करेगा।

**खास बातें**
- एसईसीएल कुसमुंडा खदान क्षेत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों का मामला
- कुसमुंडा प्रबंधनने 8 से 15 अक्टूबर तक बोनस राशि देने का लिया निर्णय

उल्लेखनीय है कि प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के बीच यह भी तय हुआ है कि अगले साल से दशहरा से पूर्व ही सभी ठेका श्रमिकों को बोनस की राशि प्रदान कर दी जाएगी। इस दौरान ऊर्जाधानी भूविस्थापित संगठन के अध्यक्ष, सपुरन कुलदीप ने ठेका श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि परमानेंट वर्कर और ठेका श्रमिकों के लिए समान काम, समान वेतन, समान बोनस और सभी सुविधाओं की मांग को लेकर आंदोलन को और तेज करने की आवश्यकता है, उन्होंने इस विषय पर जल्द ही एक वृहद बैठक बुलाने का आह्वान किया। श्रम सेवा भूविस्थापित श्रमिक संगठन के संरक्षक विजय महंत ने इस आंदोलन की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर हमारे इस आंदोलन का और विस्तार करना होगा। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस साल जो बोनस मिल रहा है, उसे आगामी वर्षों में नियम का हिस्सा बनाने के लिए प्रयास जारी रखना होगा। संगठन के सदस्य अशोक पटेल ने प्रबंधन के साथ हुई वार्ता के सकारात्मक निर्णय की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि ठेका श्रमिकों के वेतन, भत्ता, मेडिकल और सामाजिक सुरक्षा जैसी अन्य मांगों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान श्रम सेवा भूविस्थापित श्रमिक संगठन के राजेंद्र पटेल, देगूपोल, राजकुमार, संतोष, सेवाराम, विनोद सारथी, महावीर, कोमल खरे, रजनीकांत, देवप्रसाद, अजय, ऊर्जाधानी संगठन के विजयपाल सिंह तंवर, बसंत कुमार कंवर, संतोष चौहान, ललित महिलांगे, एसईसीएल की ओर से एपीएम वीरेंद्र, कार्मिक प्रबंधक रोहित श्रीवास, नीलकंठ कंपनी के एचआर मुकेश सिंह, विनोद चौधरी प्रोडक्शन इंचार्ज उपस्थित रहे।



### बालको की उन्नति परियोजना आर्थिक निर्भरता की मिसाल

**कोरबा।** नवरात्रि के अवसर महिला सशक्तिकरण की कहानियां सामाजिक बदलाव की नई संभावना को दर्शाती है। बालको के सामुदायिक विकास के अंतर्गत स्थानीय महिलाओं ने अपने आत्मनिर्भरता की यात्रा को सशक्त किया है। छत्तीसगढ़ के बालकोनगर स्थित शांतिनगर की निवासी श्रीमती पूनम सिंह कहती हैं कि मेरे पास एक सपना था, लेकिन कभी नहीं सोचा था कि मेरी कला मुझे आत्मनिर्भर बना सकती है। आज मैं अपना व्यवसाय चला रही हूँ, परिवार के निर्णयों में सक्रिय रूप से शामिल होती हूँ, और दूसरों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हूँ। इनकी कहानी बालको की पहल प्रोजेक्ट उन्नति से जुड़ी अनेक महिलाओं के बदलाव को दर्शाती है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पहल उन्नति के माध्यम से अपनी पहचान और आत्मनिर्भरता पाई, जो कभी केवल बचत समूहों में बैठकर विचार साझा करने से शुरू हुआ था। वह आज आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानियों में बदल चुका है। पूनम याद करते हुए बताती हैं कि कैसे घर पर सजावटी वस्तुएं बनाने का उनका शौक धीरे-धीरे डेकोरट्टी नामक सूक्ष्म उद्यम में बदल गया।

# दंतैल हाथी ने बकरे को उठाकर पटका, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के जंगलों में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पसान रेंज के सिंदूरगढ़ पहाड़ में 54 की संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों के इस झुण्ड में शामिल एक दंतैल हाथी बीती रात झुण्ड से अलग होकर ग्राम सूखाबहरा पहुंच गया और वहां एक ग्रामीण के बकरा पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। साथ ही क्षेत्र में लगे ग्रामीणों के फसल को भी तहस नहस कर दिया है।



जानकारी के अनुसार ग्रामीण का बकरा जंगल में चर रहा था। तभी उसका सामना झुंड से अलग होकर पहुंचे दंतैल हाथी से गया है। हाथी ने बकरे को सूड़ से उठाकर पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बकरे के मालिक के द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पंचनामे की कार्रवाई की तथा पशु चिकित्सक को बुलाकर पोस्टमार्टम कराने के बाद बकरे के मालिक को सौंप दिया।

# प्रबंधन की चेतावनी बेअसर, विद्युत कर्मी काली पट्टी लगाकर कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन एवं विद्युत वितरण कंपनी में कार्यरत नियमित, संविदा और आउटसोर्सिंग वाले अधिकारी कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। बुधवार को कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर काम कर अपना विरोध जताया। वहीं दूसरी ओर संविदा कर्मियों ने भी मांगे पूरी नहीं होने पर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। संविदा कर्मियों के 9 अक्टूबर को आहूत आंदोलन को छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ, महासंघ ने भी अपना समर्थन दिया है।

**खास बातें**
- पुरानी पेंशन बहाली सहित 20 सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे चरणबद्ध आंदोलन
- छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ के नेतृत्व में कर्मियों ने खोला मोर्चा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी एवं महामंत्री नवरतन बरेठ ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा जारी आंदोलन के तीसरे चरण के तहत 1 अक्टूबर से विद्युत कंपनी में कार्यरत समस्त नियमित, संविदा, बायहस्त्रोत कर्मचारी विभिन्न लंबित मांगों और विद्युत कंपनी के वादा खिलाफी के विरोध में 1 से 8 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर कार्य का निर्णय लिए हैं। भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल ने कहा है कि बिजली कर्मचारी महासंघ पिछली दो वर्षों से आंदोलन कर रहा है। इसमें ओल्ड पेंशन स्कीम, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, 3 प्रतिशत तकनीकि भत्ता सहित लगभग 22 सूत्रीय मांग पत्र कंपनी प्रबंधन को सौंपा चुका है, लेकिन प्रबंधन की तरफ से बार-बार केवल आश्वासन दिया जा रहा है। इन मांगों पर अभी तक कोई भी ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के द्वारा प्रदेश के लगभग 3 लाख कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन लागू किया गया है, लेकिन विद्युत कंपनी के मात्र 9 हजार अधिकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन से वंचित रखा गया है, जबकि इसे लागू करने राज्य सरकार के द्वारा सहमति दिया जा चुका है। उसी प्रकार संविदा कर्मचारियों का पिछले तीन बार नियमतिकरण किया गया, लेकिन पूरे कंपनी में कर्मचारियों की कमी होते हुए भी नियमित नही किया गया है। महासंघ के श्रमिक नेताओं ने कहा है कि कंपनी प्रबंधन अभी तक इस मामले में कोई निर्णय नहीं ले सका है। इन्ही सब मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी महासंघ आंदोलनरत है। अगर 9 अक्टूबर तक कंपनी प्रबंधन कोई ठोस निर्णय नहीं लेता है तो बिजली कर्मचारी महासंघ अनिश्चितकालीन आंदोलन करने बाध्य होगा।



विद्युत वितरण विभाग में काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करते विद्युत कर्मी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी)**
**(रा.) डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

ग्राम खोंधर प.ह.नं. 23
तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम खोंधर प.ह.नं. 23 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री लक्ष्मी प्रसाद चंद्रा पिता रामकुमार चंद्रा जाति चन्द्रनाहू निवासी खैरा तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) ने भूमि ग्राम खोंधर प.ह.नं. 23 तहसील डभरा भूमि खसरा नंबर 1161/5 रकबा 0.11 एकड़ भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 15.10.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 25.09.2025 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डभरा जिला- सक्ती (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बांझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# ऋषभ के साथ ढोल बजाते दिखे दिलजीत

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की आगामी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' 2 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर रिलीज हो रही है। फिल्म रिलीज से पहले ही लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। ऋषभ शेट्टी फिल्म के प्रमोशन में लगे हुए हैं। अब फिल्म का नया गाना रिबेल रिलीज हुआ है। इस गाने को पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ ने गाया है। सबसे खास बात ये है कि दिलजीत इस गाने में पर्दे पर नजर भी आए हैं। गाने में दिलजीत और ऋषभ शेट्टी दोनों ढोल बजाते दिखे हैं।कांतारा चैप्टर 1के नए गाने रिबेल में दिलजीत दोसांझ सरप्राइज पैकेज हैं। क्योंकि, गाने में न सिर्फ उनकी आवाज है, बल्कि दिलजीत स्क्रीन पर भी नजर आए हैं।

लाइफ Style



# पत्रलेखा

## हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस पत्रलेखा ने बताया उनके लिए असली शक्ति क्या है। उन्होंने कहा कि 'मैं हर महिला से कहना चाहती हूं कि कभी अपने अंदर की ताकत को कम मत आंकिए। जब भी आप असहाय महसूस करें, याद रखें कि सहनशीलता और धैर्य आपके अंदर ही हैं।


नवरात्रि पर मां दुर्गा के साथ ही अपने अंदर की शक्ति और स्थिरता का भी जश्न मनाना चाहिए। अपनी ताकत को पहचानो और हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो। अपने अंदर की शक्ति को पहचानो, आत्म-जागरुक बनो और जीवन में हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो।' हालिया रिलीज फिल्म 'फुले' के बाद मुझे बहुत अच्छी और रोचक फिल्में मिल रही हैं। मैं जल्दी ही काम शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। यह मुझे याद दिलाता है कि धैर्य और मेहनत का फल हमेशा मिलता है, भले ही वह तुरंत दिखाई न दे।'उन्होंने आगे कहा कि कॅरियर की शुरुआत में मुझे बहुत बार अस्वीकृति का सामना करना पड़ा। एक कलाकार के रूप में आप हर ऑडिशन में अपना सब कुछ दे देते हैं। और जब चीजें नहीं होतीं, तो यह बहुत दुखद और व्यक्तिगत लगने लगता था। उस समय मैं खुद से कई सवाल पूछती थी... क्या मैं सही कर रही हूं? क्या मैं योग्य हूं? लेकिन, मैं हमेशा याद रखती थी कि मैंने यह पेशा क्यों चुना... क्योंकि मुझे सच में कहानियां सुनाने से प्यार है। यही प्यार मेरा आधार बन गया। धीरे-धीरे अवसर आने लगे। आज पीछे मुड़कर देखती हूं, तो लगता है कि उस दौर ने मुझे धैर्यवान और मजबूत बनाया।

हॉलीवुड मसाला



# अंतरिक्ष में करना चाहते हैं शादी

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में खबरें आईं कि हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन और कीथ अर्बन 20 वर्षों तक साथ रहने के बाद अलग हो गए। अब खबर आ रही है कि निकोल किडमैन के पूर्व पति टॉम क्रूज और अभिनेत्री एना डे अर्मास अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। खबरों के मुताबिक दोनों स्काईडाइविंग करते हुए एक-दूसरे के साथ शादी करने के बारे में सोच रहे हैं। टॉम क्रूज और एना डे अर्मास अपनी शादी को 'मिशनः इम्पॉसिबल' स्टंट जैसा हैरतअंगेज बनाना चाहते हैं।



# जॉन मेयर पहली बार भारत में करेंगे परफॉर्म

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी गायक-गीतकार और गिटारिस्ट जॉन मेयर पहली बार भारत में प्रस्तुति देने के लिए तैयार हैं। गायक अगले साल यानी कि 2026 में भारत आएंगे और परफॉर्म करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उनका भारत में परफॉर्म करने का हमेशा से ही सपना रहा है। जानिए किस तारीख को होगा उनका शो। इंस्टाग्राम पर बुक मॉय शो हैंडल से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें जानकारी दी गई है कि अमेरिकी गायक जॉन मेयर साल 2026 के जनवरी महीने में भारत दौरा करेंगे। गायक 22 जनवरी को मुंबई के प्रतिष्ठित महालक्ष्मी रेसकोर्स में अपनी संगीत की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में शमिल होने के लिए दर्शक 14 अक्टूबर 2025 को सामान्य टिकट खरीद सकेंगे। इस टिकट के माध्यम से संगीत प्रेमी शो को लाइव देख सकेंगे।



# आमिर-रानी के गाने के साथ किया एंजॉय


**मुंबई।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इन दिनों निर्देशक राजामौली की फिल्म 'एसएसएमबी29' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। वहीं आज प्रियंका ने अपने नाश्ते की एक झलक सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। प्रियंका चोपड़ा ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपने नाश्ते की तस्वीर साझा की, जिसमें वह थेपला, नारियल की चटनी और आम के अचार का स्वाद ले रही थीं। सफेद बाथरोब में नाश्ते का आनंद लेते हुए, वह 90 के दशक की फिल्म 'गुलाम' का गाना 'आंखों से तूने ये क्या कर दिया' सुन रही थीं, जिसमें आमिर और रानी मुखर्जी ने अभिनय किया है। इस पोस्ट के बाद प्रियंका ने अपनी एक हॉट तस्वीर भी शेयर कीं, जिसमें ऑफ शोल्डर ड्रेस के साथ ब्लैक गॉगल्स में पोज देती नजर आईं। इस ड्रेस के साथ प्रियंका ने नॉट स्टाइल का सिल्वर नेकपीस भी पहना हुआ है।



# धनुष-कृति की तेरे इश्क में का टीजर रिलीज

**मुंबई।** निर्देशक आनंद एल राय पर्दे पर एक बार फिर 'रांझणा'जैसा जादू बिखेरना चाह रहे हैं। इसके लिए वो फिल्म 'तेरे इश्क में'लेकर आए हैं। धनुष और कृति सेनन स्टारर इस फिल्म का घोषणा के बाद से ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब गुरुवार को इस मच अवेटेड फिल्म का टीजर सामने आया है। टीजर के रिलीज होने के बाद अब फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया है। 2 मिनट 4 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि कृति सेनन के किरदार की शादी होने वाली है और हल्दी की रस्म हो रही है। तभी धनुष का किरदार घायल अवस्था में वहां पहुंचता है और कहता है, 'अपने बाप को जलाने गया था बनारस। सोचा तेरे लिए गंगा जल लेता आऊं। नई जिंदगी शुरू करने जा रही है, पुराने पाप तो धो ले।'

टीवी मसाला




# एनिमेटेड सीरीज कुरुक्षेत्र का ट्रेलर रिलीज, दिखेगी महाभारत की कहानी

**मुंबई।** इस साल एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा'ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया और रिकॉर्डतोड़ कमाई की। इसके बाद अब कई एनिमेटेड फिल्मों की घोषणा की जा चुकी है। इसी क्रम में अब महाभारत पर आधारित एनिमेटेड सीरीज 'कुरुक्षेत्र'आ रही है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली इस सीरीज का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। 2 मिनट 31 सेकंड के इस ट्रेलर में महाभारत की कहानी दिखाई गई है। ट्रेलर में महाभारत के अलग-अलग घटनाक्रमों व अध्यायों का जिक्र देखने को मिलता है। जिसमें कृष्ण जी के अवतार से लेकर भीष्म पितामह का वध, अभिमन्यु का चक्रव्यूह में फंसना और द्रौपदी के चीरहरण तक का जिक्र किया गया है। ट्रेलर में जबरदस्त एनिमेशन देखने को मिला है। कुछ एक सीन देखने में काफी शानदार लग रहे हैं। 'कुरुक्षेत्र' एक सीरीज है, जो नेटफ्लिक्स पर 10 अक्टूबर से रिलीज हो रही है। इसका निर्देशन उज्जैन गांगुली ने किया है, जबकि इस सीरीज को क्रिएट किया है अनु सिक्का ने। वहीं इसके गीत गुलजार ने लिखे हैं। नेटफ्लिक्स की यह सीरीज हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, अंग्रेजी, स्पेनिश, पोर्तुगीज, थाई और इंडोनेशियन भाषा में भी रिलीज होगी। इसी साल एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में विष्णुजी के नरसिंह अवतार के बारे में दिखाया गया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए ताबड़तोड़ कमाई की थी और कमाई के कई रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। यह फिल्म भी अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

## लाल जोड़े में अविका ने शेयर किया ब्राइडल लुक

**मुंबई।** 'बालिक वधू' फेम अविका गौर और मिलिंद चंदवानी ने बीते मंगलवार 30 सितंबर को सात फेरे लिए। गुरुवार को अविका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शादी की शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। जिन्हें देखकर फैंस बेहद खुश हैं। अविका ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की खूबसूरत तस्वीरों को शेयर कर फैंस को सरप्राइज दिया है। इन तस्वीरों में अविका लाल जोड़े में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। मेहंदी, गहने और शादी का ग्लो अविका की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। वहीं, मिलिंद चंदवानी पीच रंग की डिजाइनर्न शेरवानी में हैंडसम दिख रहे हैं। इन तस्वीरों के अलावा अविका ने सिर्फ अपना ब्राइडल लुक भी शेयर किया, जिसमें वह बेहद प्यारी दिख रही हैं। इन तस्वीरों को अविका ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, ' अभी भी रो रही हूं और नाच रही हूं।'



# कोई आप पर काम थोप नहीं रहा : रानी मुखर्जी

**मुंबई।** बीते कुछ वक्त से बॉलीवुड इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर बहस चल रही है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने 8 घंटे काम करने की मांग की थी, जिसके बाद उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की आगामी फिल्म 'स्पिरिट'को बीच में ही छोड़ दिया था। इसके बाद से चर्चाओं का बाजार गरम हो गया था। इसपर कई सेलेब्स ने भी प्रतिक्रिया दी है। अब काम के घंटे को लेकर एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने भी रिएक्ट किया है। साथ ही उन्होंने निर्देशन में अपने कॅरियर को लेकर भी बात कही है। काम के घंटे को लेकर रानी मुखर्जी ने कहा, 'आजकल ये बातें चर्चा में हैं, क्योंकि शायद लोग बाहर इस पर चर्चा कर रहे हैं। लेकिन, यह सभी कार्यों का एक सामान्य नियम रहा है। मैंने भी ऐसा किया है, जहां मैंने कुछ घंटों तक काम किया है। अगर निर्माता को इससे कोई आपत्ति नहीं है, तो आप फिल्म नहीं करते। इसलिए, यह भी एक विकल्प है। कोई किसी पर कुछ भी थोप नहीं रहा है।'अभिनेत्री से उनकी निर्देशने को लेकर रुचि के बारे में सवाल किया गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'आप जानते हैं कि मैं इस पेशे में हमेशा कहती हूं कि कभी ना मत कहो। मुझे लगता है कि मैं जिस तरह की इंसान हूं, मुझे पता होता है कि मैं कब निर्देशन के लिए तैयार हूं या मुझे पता होता है कि वह समय कब आएगा। अभी, मुझे नहीं लगता कि ऐसा है। अभी, मैं एक अभिनेत्री होने और निर्देशित होने से बहुत खुश हूं।'रानी मुखर्जी ने फिल्म 'हिचकी' की शूटिंग के दिनों को याद किया और अपनी बेटी आदिरा के पालन-पोषण के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'जब मैंने 'हिचकी' की थी, तब आदिरा 14 महीने की थी।


# दशहरा पर रिलीज हो रहीं ये फिल्में

**मुंबई।** दो अक्टूबर को बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार दशहरा मनाया जाएगा। इस मौके पर बॉलीवुड और साउथ की कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इनमें साउथ की इडली कढ़ाई, कांताराः चैप्टर 1 और मृत्युंजय के अलावा बॉलीवुड की सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी शामिल हैं।

### इडली कढ़ाई

दशहरा के मौके पर दर्शकों को जिस फिल्म का सबसे ज्यादा इंतजार है, वह है 'इडली कढ़ाई'। यह फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो गई है। इस फिल्म में धनुष ने न सिर्फ अदाकारी की है, बल्कि उन्होंने इस फिल्म को लिखा है और इसका निर्देशन भी किया है। फिल्म में उनके साथ नित्या मेनन भी हैं।





### कांताराः चैप्टर 1

'कांताराः चैप्टर 1' दो अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का भी दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार, लेखक और निर्देशक ऋषभ शेट्टी हैं। 125 करोड़ रुपए की लागत में बनी इस फिल्म के लिए ऋषभ शेट्टी ने फीस नहीं ली है, बल्कि वह इस फिल्म के मुनाफे के हिस्सेदार हैं। यह एक पौराणिक एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है।

### मृत्युंजय

दशहरा के मौके पर जो एक और साउथ की फिल्म रिलीज होने वाली है, वह 'मृत्युंजय' है। यह हुसैन शा किरण द्वारा निर्देशित एक तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में श्री विष्णु और रेबा मोनिका जॉन ने अहम किरदार निभाया है। फिल्म के निर्माता संदीप गुन्नम और विनय चिलकापति हैं।

### सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी

दशहरा के मौके पर बॉलीवुड की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' भी रिलीज हो रही है। इस फिल्म में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ ने अहम किरदार निभाया है। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 2 अक्टूबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म के निर्देशक शशांक खेतान हैं।

## 43 साल पहले रिलीज हुई यह फिल्म बुरी तरह रही फ्लॉप

# बॉलीवुड की मनहूस फिल्म, बनते-बनते दो एक्टर और डायरेक्टर की हो गई थी मौत

***नई दिल्ली।*** *इस फिल्म को हिंदी सिनेमा की सबसे 'मनहूस और शापित' फिल्म माना जाता है। इसके बनने के दौरान दो बड़े स्टार्स और एक डायरेक्टर समेत कई कलाकारों की मौत हो गई थी। ऐसे-ऐसे हादसे हुए कि सब सिहर उठे थे।। इसे बनने में पूरे 24 साल लगे पर यह दो एक्टर्स के साथ-साथ डायरेक्टर की भी जान लील गई। जब यह फिल्म 43 साल पहले रिलीज हुई थी, तो बुरी तरह फ्लॉप रही थी। इस फिल्म में निम्मी और संजीव कुमार लीड रोल में थे और इसका नाम था 'लव एंड गॉड'। फिल्म को के. आसिफ ने डायरेक्ट किया था। आसिफ इससे पहले 'मुगले-आजम' बना चुके थे, जिसे बनने में 16 साल लगे थे। लेकिन, जैसी मनहूसियत इस फिल्म के बनने के दौरान देखने को मिली, उसने सबका दिल दहला दिया था। 'लव एंड गॉड' को लेकर के. आसिफ ने बहुत बड़े सपने देखे थे। वह चाहते थे कि यह भी 'मुगले-आजम' जैसी क्लासिक बने, पर इसके बनने के दौरान कुछ ऐसे हादसे हुए कि इसे 'मनहूस' कहा जाने लगा। इस फिल्म में काम करने वाले कुछ कलाकार मौत की गोद में समा गए। यहां तक कि डायरेक्टर की भी मौत हो गई।*

### 1986 में रिलीज हुई थी, ये थी कहानी

'लव एंड गॉड' साल 1986 रिलीज हुई थी। यह लैला मजनू की कहानी पर आधारित थी। फिल्म की कहानी दो अरबी किरदारों- लैला और कैश की थी। इसमें के. आसिफ ने लैला के रोल के लिए एक्ट्रेस निम्मी को साइन किया था, वहीं मजनू के रोल के लिए गुरु दत्त को। हालांकि, गुरु दत्त इस किरदार को निभाने को लेकर झिझक रहे थे, पर के. आसिफ ने उन्हें किसी तरह फिल्म के लिए राजी कर लिया। और तब साल 1962 में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई।

### गुरु दत्त को मिला था मजनू का रोल

हालांकि, गुरु दत्त उस वक्त निजी जिंदगी में बहुत ही मुश्किलों से गुजर रहे थे। उनकी पिछली फिल्म 'कागज के फूल' फ्लॉप हो गई थी और वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। गुरु दत्त को अपना घर गिरवी तक रखना पड़ा। यही नहीं, पत्नी गीता दत्त के साथ भी उनके रिश्ते खराब चल रहे थे। यह भी बताया जाता है कि गुरु दत्त ने दो बार सुसाइड करने की कोशिश की थी।



### गुरु दत्त की मौत घर में मिली थी लाश

एक रात गुरु दत्त और गीता दत्त का झगड़ा हुआ। गीता घर छोड़कर चली गईं और गुरु दत्त ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। उन्होंने शराब के साथ नींद की गोलियां खा लीं। अगली सुबह गुरु दत्त की मौत की खबर मिली, जिसने हर किसी को झकझोर दिया। के. आसिफ को भी तगड़ा झटका लगा। उनकी फिल्म बीच में रुक गई। तब वह एक्टर संजीव कुमार से मिले। वह संजीव से एक फिल्म के प्रीमियर में मिले थे और वहीं पर उन्हें अपनी फिल्म में कास्ट करने का फैसला कर लिया था।

### संजीव कुमार को किया साइन

बताया जाता है कि के.आसिफ ने संजीव कुमार का पेशेंस टेस्ट करना चाहा। इसलिए, उन्होंने संजीव को एक दूसरी फिल्म 'सस्ता खून महंगा पानी' में कास्ट किया, जिसकी शूटिंग करने राजस्थान भेजा। चूंकि, 'लव एंड गॉड' भी राजस्थान में शूट की जानी थी, इसलिए आसिफ देखना चाहते थे कि संजीव कितना सहन कर सकते हैं।

### के. आसिफ की मौत, संजीव की बांहों में तोड़ा दम

'लव एंड गॉड' की शूटिंग दोबारा शुरू हुई, पर इसकी किस्मत में कुछ और ही लिखा था। हुआ यूं कि साल 1971 में संजीव ने कुछ समय के लिए मुंबई छोड़ दिया और किसी और प्रोजेक्ट में बिजी हो गए। जब वह वापस मुंबई लौटे तो के. आसिफ उनसे मिलने गए। जब आसिफ संजीव से उनके कमरे में बैठकर बात कर रहे थे तो उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई। संजीव ने आसिफ को देखा और संभालने की कोशिश की, पर आसिफ ने उनकी बांहों में ही दम तोड़ दिया।

***संजीव कुमार की हार्ट अटैक से मौत, कई और कलाकार मरे :*** संजीव कुमार टूट गए थे। फिल्म फिर से बीच में लटक गई। तब एक्टर आसिफ की फिल्म को पूरा करने के लिए फंड जुटाने में लग गए। उन्होंने कई प्रोड्यूसर्स और यहां तक कि दिलीप कुमार को भी मदद के लिए अप्रोच किया, पर कोई आगे नहीं आया। फिर संजीव कुमार प्रोड्यूसर केसी बोकाडिया से मिले। वह 'लव एंड गॉड' को फंड देने के लिए राजी हुए। शूटिंग शुरू हुई और फिर कुछ दिन बाद ही संजीव कुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई।



## खबर संक्षेप

### मां शिरीष पाठ मंदिर में दर्शन करने उमड़ी दर्शनार्थियों की भीड़



**डोंगाकोहरौद।** मां शिरीष पाठ मंदिर डोंगाकोहरौद में सप्तमी व अष्टमी को दर्शनार्थियों की सैलाब उमड़ पड़ी और हजारों श्रद्धालुओ ने माता की दर्शन पूजन कर आशिर्वाद प्राप्त किए । ऐसे तो नवरात्र के प्रथम दिवस से भक्तगण दर्शन पूजन के लिए पहुंचते रहे किंतु सप्तमी अष्टमी को माता दर्शन की विशेष महिमा मानकर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सुबह से लेकर देर रात्री तक दर्शनार्थी पहुंचते रहे। दूसरी तरफ स्थानीय ग्रामवासी महिला पुरुष लोट मारते मारते माता के मंदिर तक पहुंचे और माता की पूजा अर्चना किए। पूरे नवरात्र की पर्व में स्थानीय जनों के साथ आसपास के गांव मेकरी , भिलौनी, केसला, धनगांव, पामगढ़ सहित दूर दराज के गांवों व अन्य जिलों से भी दर्शनार्थी पहुंचते रहे। नवरात्र की सफल बनाने के लिए नवजागरण शिरीष कल्याण सेवा समिती के पदाधिकारियों सदस्यों के साथ ग्राम पंचायत व ग्रामवासियों ने अपना भरपूर सहयोग किया।

**हवन पूजन के साथ हुई कन्या पूजन** – अष्टमी को हवन पूजन का आयोजन किया गया जिसमें आचार्य हेमंत चौबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन संपन्न कराए ,तत्पश्चात कन्या पूजन की गई जिसमें नव कन्याओं के साथ भैरव बाबा की पूजा अर्चना कर भोजन कराई गई ।

### चिस्दा में हुआ हसौद साहू समाज परिक्षेत्र का चुनाव, नेतराम बने अध्यक्ष



**हसौद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू समाज के निर्देश पर सक्ती जिले के हसौद परिक्षेत्र में साहू समाज का चुनाव मंगलवार 30 सितंबर को चिस्दा में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में नेतराम साहू को अध्यक्ष पद पर जीत मिली है। नेतराम साहू को कुल 73 में से 40 वोट मिले और प्रतिद्वंदी को सिर्फ 33 वोट ही मिले। वहीं पुरुष उपाध्यक्ष के पद पर भनेतरा निवासी विजय साहू और महिला उपाध्यक्ष के पद पर चिसदा निवासी पिंकी साहू ने जीत दर्ज की है। वहीं नंदकिशोर साहू पुरुष संगठन सचिव बने और गीता साहू महिला संगठन सचिव पद पर निर्वाचित हुए। जीत के बाद नेतराम साहू ने साहू समाज क्षेत्रवासियों और उपस्थित सभी का आभार जताते हुए कहा कि, लोगों की सेवा ही मेरा संकल्प है, "हमने क्षेत्र के हर गांव में जनता के सुख-दुख में भागीदारी निभाई है। इस चुनाव में लोगों का समर्थन और आशीर्वाद हमें पहले से भी ज्यादा मिला है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन को और मजबूत बनाने, समाज की समस्याओं के समाधान और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए वे लगातार काम करेंगे।

### नवरात्रि के अवसर पर में जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन



**मालखरौदा।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमनदुला में नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर जसगीत प्रतियोगिता फाइनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें शामिल होने पहुंचे मुख्य अतिथि कवि शरण वर्मा जनपद पंचायत अध्यक्ष मालखरौदा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ मातारानी की पूजा-अर्चना के साथ किया, इस अवसर पर उन्होंने कहा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं हमें अपने संस्कृति से जुड़े रखकर एकता के सूत्र में बांधती है तथा बच्चों को भी अपने धार्मिक परंपरा की इससे सीख मिलती है ।जहां जसगीत प्रतियोगिता में 16 जसगीत पार्टी ने भाग लिया. जसगीत पार्टीयों के द्वारा मनमोहक गायन वादन तथा झांकियां के माध्यम से प्रस्तुति दी गई. इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे इस प्रतियोगिता को देखने के लिए पहुंचे थे जहां अंत में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गतवा को 21 हजार रुपये, द्वितीय स्थान बोरसी को 15 हजार रुपये, तृतीय स्थान लिमतरा को 10 हजार सहित अन्य जसगीत पार्टी को नगद राशि से पुरस्कृत किया गया।

## निधन

### श्रीमती फूल बाई बरेठ



**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत बघौदा के प्रतिष्ठित नागरिक डॉ गनेशराम बरेठ का दादी श्रीमती फूल बाई बरेठ के 90 वर्ष की आयु में शुक्रवार 26 सितम्बर को निधन हो गई। वे अपने पीछे एक पुत्री, तीन पुत्र व नाती, पोता सहित भरापुरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार गांव के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके जेष्ठ पुत्र सोहित राम बरेठ ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में परिवार के अलावा स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### कलेक्टर ने ग्रामवासियों के बीच, ज़मीन पर बैठकर सुनी उनकी बातें, ग्राम विकास पर हुई सार्थक चर्चा

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर गुरुवार 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कलेक्टर जन्मेजय महोबे जनपद पंचायत बलौदा की ग्राम पंचायत रैनपुर में ग्रामीणों के बीच पहुंचे और ज़मीन पर बैठकर ग्राम सभा में शामिल हुए।

उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं व सुझाव सुने तथा कहा कि ग्राम सभा लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल इकाई है, जहां ग्रामीण स्वयं अपने गांव की प्राथमिकताओं का निर्णय लेते हैं। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम सभा में हर ग्रामीण की भागीदारी जरूरी है ताकि विकास योजनाएं गांव की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप बनाई जा सकें। प्रशासन की प्राथमिकता है कि योजनाओं को ग्रामीणों की सहभागिता से धरातल पर उतारा जाए। कलेक्टर ने ग्राम सभा में आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी एवं आदि साथी के नाम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 'एक पाती' संदेश का वाचन किया। इसके बाद स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छता दीदियों और आदि सहयोगी महिलाओं का सम्मान करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। ग्राम सभा में महात्मा गांधी नरेगा योजना, आदि कर्मयोगी अभियान, ग्राम पंचायत विकास योजना, बाल विवाह मुक्त पंचायत और अन्य सामाजिक व विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गोकुल रावटे ने बताया कि ग्राम सभाओं में वित्तीय वर्ष की योजनाओं के अलावा ग्राम पंचायत के आय-व्यय का ब्यौरा, स्वीकृत एवं प्रगति पर चल रहे कार्यों की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। इस अवसर पर रैनपुर ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त पंचायत घोषित किया गया। साथ ही गांव को प्लास्टिक मुक्त और नशा मुक्त बनाने के प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किए गए। ग्राम पंचायत में धरती आबा अंतर्गत विलेज एक्शन प्लान को भी मंजूरी दी गई, जिसमें नए पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन, मिडिल स्कूल भवन, पीडीएस गोदाम, स्ट्रीट लाइट, उद्यान सिंचाई एवं अन्य विकास कार्य शामिल किए गए। ग्राम सभा में सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



ग्राम सभा में सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते कलेक्टर जन्मेजय महोबे, साथ में जिला पंचायत सीईओ।

### राष्ट्रपिता महात्मा को अर्पित किया श्रद्धा सुमन

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर आज कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार समाज को दिशा देने के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने सभी से समानता और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि गांधीजी के विचारों को आत्मसात कर हम समाज में शांति, सद्भावना और स्वच्छता के संदेश को आगे बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर एसडीएम,तहसीलदार सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे और महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।



### कांग्रेसियों ने मनाई गांधी एवं शास्त्री की जयंती



**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156 वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की 121 वीं जयंती अवसर पर 2 अक्टूबर को जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार के संयोजकत्व में जांजगीर में गांधी जी के प्रतिमा स्थल के पास प्रार्थना सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप, कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव गिरधारी यादव,वरिष्ठ कांग्रेसी देवेश सिंह,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया, महामंत्री शिशिर द्विवेदी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय शास्त्री के आदर्शों, जीवनी, त्याग, बलिदान एवं राष्ट्र हित में उनके द्वारा दिए गए योगदान पर विचार व्यक्ति किये। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वर्गीय महात्मा गांधी के प्रतिमा एवं स्वर्गीय शास्त्री के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर धूप दीप प्रज्वलित किया गया, कार्यक्रम का संचालन रफीक सिद्धकी ने एवं आभार प्रदर्शन सेवादल के जिला अध्यक्ष देव कुमार पांडे ने किया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ परस शर्मा, राघवेंद्र सिंह, अजीत सिंह राणा, ऋषिकेश उपाध्याय,परमेश्वर निर्मले, सुखराम गरेवाल, रामविलास राठौर, मुस्कान परवीन, पार्षद जगदीश्वरी सूर्यवंशी, श्रीमती वर्षा सिंह, श्रीमती हेमलता राठौर, सलीम सिद्धकी, राइस किंग खुटे, संतोष बबई गढ़वाल , चंद्र कुमार ओग्रे, अशोक सोनवानी, विजय गढवाल, मो. शरीफ कुरैशी, रवि सूर्यवंशी, सफीक खान, अतिक कुरैशी, देवी राठौर, व्यास नारायण, महेत्तर लाल कश्यप, चोलाराम कश्यप, नरसिम्हा यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत ससहा में गांधी जयंती के अवसर पर ग्रामसभा आयोजित



**पामगढ़।** ग्राम पंचायत ससहा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म जयंती के शुभवसर पर ग्राम सभा का आयोजन 2 अक्टूबर को आयोजित किया गया जिसमे महात्मा गांधी जी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना पश्चचात ग्राम सभा की कार्यवाही प्रारम्भ की गई ग्राम सभा की बैठक में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन के साथ योजना पर चर्चा करते हुए विगत तिमाही आय-व्यय की जानकारी को पढ़ कर सुनाया गया एवं अनुमोदन प्राप्त किया गया ग्राम पंचायत में सम्पति कर (अनिवार्य कर) पर चर्चा किया गया बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत हेतु शपथ लिया गया एवं संकल्प पारित किया गया एग्रीटेक शतप्रतिशत पंजीयन नशा मुक्त ग्राम पंचायत जन्म मृत्यु का पंजीयन महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जल संरक्षण के कार्य,कृषि मुलक कार्य और अधोसंरचना के कार्य सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया गया ग्राम सभा का समापन सचिव के द्वारा किया गया।

## महाभंडारे के बाद झांझ मंजीरे की थाप के साथ जवारा विसर्जन



**शिवरीनारायण।** नगर के वार्ड नंबर 13 टिकरीपारा में स्थित ग्राम देवता ठाकुर देव मंदिर में नवरात्र के अंतिम दिन ज्वारा विसर्जन किया गया।नवरात्रि के नवमी की संध्या को ज्योति कलश की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात झांझ मंजीरे की थाप पर जसगीत गायन करते हुए ज्वारा विसर्जन के लिए निकली।ज्वारा जोत को सिर पर थामे माताओं को नगर भ्रमण कराया गया। भक्तो ने जगह जगह ज्वारे की पूजा अर्चना कर अपने और अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। नगर भ्रमण के पश्चात जोत ज्वारा साव घाट पहुंची जहां विधिविधान से पूजा अर्चना करने के बाद ज्वारा का विसर्जन किया गया।ज्वारा विसर्जन के पूर्व महा भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमे नगर भर के भक्तो ने हजारों की संख्या में भोग प्रसाद ग्रहण किया।दुर्गा अष्टमी के दिन नगर के भक्तो ने ग्राम देवता पहुंच कर दर्शन लाभ प्राप्त किया।दर्शन के लिए पहुंचे भक्तो के लिए आयोजन समिति द्वारा विशेष प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।अष्टमी के दिन झांकी का प्रदर्शन किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

### दीक्षाभूमि दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने किया प्रस्थान

**कोसमंदा।** कोसमंदा क्षेत्र के आसपास के लोग बड़ी संख्या में बुद्ध और बाबा साहब के विचारों को जानने और समझने के उद्देश्य से नागपुर दीक्षाभूमि के लिए रायगढ़, चांपा, जांजगीर स्टेशन से टाटा इतवारी और शिवनाथ एक्सप्रेस से रवाना हुए। ज्ञात हो इस परिवर्तन के दौर में समाज के लोगों ने काफी बड़ी संख्या में सामाजिक परिवर्तन के दिशा में बाबा साहब के विचारों को मानकर बुद्ध के धम्म को स्वीकार करने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में नागपुर दीक्षाभूमि दीक्षा लेने के लिए गए है। सतनामी और सूर्यवंशी समाज के लोग बड़े संख्या में हमेशा नागपुर जाकर बहुजन मूलनिवासी विचारधारा को मानकर शादी विवाह जैसी सामाजिक कार्य प्रतिवर्ष करते आ रहे हैं, जिससे आने वाले समय में अंधविश्वास व भेदभाव जैसे सामाजिक बुराई खत्म हो जाएगी। उनका कहना लोगों में जागरुकता आ रही है।

## विद्यार्थियों ने कराटे खेल में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- अघोर विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने 'कराटे' में अर्जित किया क्यू बेल्ट प्रमाण पत्र

अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा में 'कराटे' प्रशिक्षण की कक्षाएं संचालित की जा रही थी जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्यू बेल्ट प्रमाण पत्र अर्जित किया।

अघोर विद्यापीठ शाला प्रांगण में जिला कराटे संघ के प्रमुख वरुण पाण्डेय, सहयोगी कोच श्रीमती रुक्मणी के मार्गदर्शन में बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा मुख्य अतिथि पीएन पटनायक पूर्व डिप्टी कमिश्नर नैला जांजगीर चांपा की गरिमापूर्ण उपस्थिति में आयोजित की गई। प्राचार्या श्रीमती अंजलि दुबे के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने काता, कुमिते एवं कराटे खेल विधा का उत्तम प्रदर्शन करते हुए यलो बेल्ट एवं क्यू रैंक प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि द्वारा प्राप्त किया। बेल्ट परीक्षा देकर उन्नति सिंह, रचना सोनी, किशन साहू, अपूर्वा सिंह, चंचल साहू, मृणाल त्रिपाठी, समर्थ सिंह, आकृति सिंह, तृप्ति सिंह, प्रकृति सिंह, रुद्राक्ष सिंह, श्रीवत्स दुबे , रूपा रौतिया, अनमोल साहू ने सफलता प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पीएन पटनायक पूर्व डिप्टी कमिश्नर के द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं दी गई और ऐसे ही आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस आयोजन में अन्य स्कूलों के प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लिया। प्राचार्या ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि,कराटे संघ के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों का कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु आभार व्यक्त किया एवं बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।



कार्यक्रम में अतिथि के साथ उपस्थित विद्यार्थी।

## 385 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत हुआ आयोजन

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार रविवार 28 सितंबर को नगर के स्टेशन रोड स्थित नायक मेटरनिटी एवं सर्जिकल सेंटर में केन्द्र शासन के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर तथा आयुष्मान कार्ड, सह वंदना कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्थि, स्त्री रोग, सामान्य शल्य विभाग तथा न्यूरो संबंधित कुल 385 मरीज लाभान्वित हुए। शिविर का लाभ उठाने के लिए नगर तथा आस-पास के ग्रामों से बड़ी संख्या में हितग्राही डॉ. नायक क्लीनिक पहुंचने लगे।

शिविर का शुभारंभ चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जी.के.नायक ने केन्द्र शासन की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए किया। उन्होंने चिकित्सालय में भी उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की। आयोजित शिविर के दौरान अस्थि रोग से संबंधित 70, स्त्री रोग से संबंधित 16, जनरल सर्जरी से संबंधित 14 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर उनका जरुरी उपचार किया गया। इसे तरह 75 मरीजों का एक्स-रे एवं रक्त जांच की गई। इसी तरह शिविर में 10 आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान सह वंदना कार्ड के 5 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. केशरवानी द्वारा 60 मरीजो का निःशुल्क उपचार किया गया। शिविर में प्रमुख रुप से चिकित्सालय की संचालिका डॉ. निहारिका नायक के अलावा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जी.के.नायक, डॉ. विनोद पालीवाल, डॉ. रमाकांत देवांगन, डॉ. श्रेयांश शुक्ला, डॉ. पुनीत कुमार मोहंती, डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. अजय राठौर के अतिरिक्त चिकित्सालय स्टॉफ ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

### संकुल समन्वयकों ने जिला मिशन समन्वयक से की सौजन्य मुलाकात

**बिर्रा।** समग्र शिक्षा कार्यालय जांजगीर में जाकर संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा के रामकिशोर देवांगन के नेतृत्व में जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा हरिराम जायसवाल से सौजन्य मुलाकात किये। इस दौरान लखनलाल कश्यप संकुल समन्वयक संकुल डी. डी. एस. बिर्रा, गुरुप्रसाद भतपरे संकुल समन्वयक संकुल सिलादेही, छबि कुमार पटेल, मनबोध पटेल, मथुरा प्रसाद मधुकर एवं संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा रामकिशोर देवांगन ने पुष्प माला एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया। साथ ही उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी।

### जिला चांवल उद्योग संघ सक्ती के जिला अध्यक्ष बने दिनेश

**बाराद्वार।** जिला चांवल उद्योग संघ सक्ती के जिला अध्यक्ष के लिए अन्नपूर्णा राइस मिल बाराद्वार के संचालक दिनेश शर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं महामंत्री पद के लिए अनिल अग्रवाल को चुना गया। प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सक्ती जिले से पांच राइस मिलर्स को जगह दी है। वर्तमान में दिनेश शर्मा चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के प्रदेश मंत्री है। जिला चांवल उद्योग संघ के सदस्यों ने दिनेश शर्मा से मिलकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दिनेश शर्मा ने कहा की उन्हें जो जिम्मेदारी संघ के सदस्यों ने सौपी है वे पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे तथा सक्ती जिले के राइस मिल के हित में छत्तीसगढ़ शासन से निरंतर संवाद बना कर कार्य हो ऐसा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर राधे अग्रवाल, पवन अग्रवाल,गोलू अग्रवाल,संकेत अग्रवाल एवं अन्य राइस मिल व्यवसायी मौजुद थे।



### बैलाचुवां पहुंचे कलेक्टर ने विलेज एक्शन प्लान का लिया जायजा

# आदि कर्मयोगी योजना से बदलेगी गांवों की तस्वीर: तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती


जिले में चल रहे आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में ग्राम विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया जारी है। इस विलेज एक्शन प्लान से जिले के चिन्हांकित गांवो की तस्वीर बदलेगी। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में आदिवासी विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा विलेज एक्शन प्लान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो गुरुवार 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सक्ती विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बैलाचुवां के आदि सेवा केंद्र पहुचकर विलेज एक्शन प्लान का जायजा लिए। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग और आदि साथी के साथ ग्रामीणों की आर्थिक और समाजिक स्थिति की जानकारी ली तथा ग्रामीणों से भी सीधे बातचीत कर जानकारी ली। कलेक्टर श्री तोपनो बैलाचुवां पहुंचकर ग्राम स्तर पर चयनित आदि साथी की उन्मुखीकरण कार्यशाला में शामिल हुवे और सभी को सेवा भाव से कार्य करने का संकल्प भी दिलाया। जिला कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सक्ती जिले के चिन्हांकित 39 ग्राम पंचायतों में रहने वाले जनजाति परिवारों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए अभियान के तहत निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सुश्री स्वप्निता सिंह, आदि सहयोगी, संबंधित अधिकारी कर्मचारी और ग्रामीणजन उपस्थित थे। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की उपस्थिति में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर दिल्ली से श्री नरेश और आदि कर्मयोगी डीएमटी सुश्री एंजल मसीह भी उपस्थित रहीं।



कार्यशाला के दौरान सेवाभाव से कार्य करने संकलप दिलाते कलेक्टर ।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411